रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 24—दिसम्बर 30, 2005 (पौष 3, 1927)

No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 24—DECEMBER 30, 2005 (PAUSA 3, 1927)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1525
भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1197
भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	13
भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गईं सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	2497
भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं	2047
भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गईं पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	629
भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड-4--विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	3019
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	365
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

1—381GI/2005

CONTENTS

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1525
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1197
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	13
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2497
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	2047
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	629
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the Authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3019
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	365
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 2 दिसम्बर 2005

सं. 4(2)-पीयू/2005--श्री के. चन्द्रन पिल्लै, राज्य सभा सदस्य को श्री जीवन राय के राज्य सभा से सेवानिवृत्त होने पर उनके स्थान पर 01 दिसम्बर, 2005 से सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की शेष अवधि के लिए समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है।

जे. पी. शर्मा
निदेशक

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 दिसम्बर 2005

संकल्प

सं. फा. 4(1)/2004-हिन्दी--मंत्रियो के विभागों में परिवर्तन के फलस्वरूप, 'संसदीय कार्य और शहरी विकास मंत्री' के स्थान पर 'संसदीय कार्य और सूचना एवं प्रसारण मंत्री' संसदीय कार्य मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के अध्यक्ष होंगे। इस मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के गठन संबंधी समसंख्यक संकल्प दिनांक 28.3.2005 का पैरा 1 (क्र. सं. 1) तदनुसार आशोधित किया जाता है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, संसदीय राजभाषा समिति, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और मंत्रिमंडल कार्य विभाग का वेतन तथा लेखा कार्यालय, नई दिल्ली को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जन साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

पी. गोपालाकृष्णन
संयुक्त सचिव

इस्पात मंत्रालय

नई दिल्ली-110011, दिनांक 7 दिसम्बर 2005

संकल्प

संख्या 14(1)/2005-टीडब्ल्यू । इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार भारत में एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायकों का एक पैनल गठित करती है!

पैनल में निम्नलिखित सदस्य होंगे;

1.	डॉ. मनो रंजन सचिव, भारत सरकार इस्पात मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011 दूरभाष (011) 23063489 फैक्स (011) 23063236	अध्यक्ष
2.	श्री आर. वासुदेवन पूर्व सचिव (इस्पात) ई-262, ग्रेटर कैलाश पार्ट-I, नई दिल्ली-110048 दूरभाष: 011-26451929, 23637105	सदस्य
3.	प्रो. वाई. एस. रंजन, पूर्व कुलपति, पंजाब टैक्नीकल यूनिवर्सिटी, प्लॉट नं. 249 एफ, सैक्टर-18, फेस-IX, उद्योग विहार, गुडगांव-122001	सदस्य
4.	डॉ. प्रीतम सिंह, निदेशक, प्रबंधन विकास संस्थान, सुखराली, महरौली रोड़, गुडगांव-122001 दूरभाष: (95124)2340165/5013063	सदस्य

5.	श्री पी.डी.एफ. लाम, कार्यकारी निदेशक एवं अध्यक्ष, गोदरेज एंड बोयस म्नुफक्चर्ड कं. लि., फिरोजशाह नगर, विखरौली (पश्चिम), मुंबई-400079, दूरभाष: (022) 55965005 फैक्स सं. (022) 55961516	सदस्य
6.	डॉ. ई.आर.सी. शेखर, पूर्व प्रबंध निदेशक, भिलाई इस्पात संयंत्र, 2010, 100 फीट रोड़, एच.ए.एल.-2 स्टेज, बंगलौर-560008	सदस्य
7.	डा. के.सी. अग्रवाल, पूर्व प्रबंध निदेशक, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, पी-III, सैक्टर-14, नोएड़ा, उत्तर प्रदेश दूरभाष: 95120-2510969	सदस्य
8.	श्री वाई. पी. शर्मा, पूर्व प्रबंध निदेशक, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, ई-121, सरीता विहार, नई दिल्ली, दूरभाष: 011-26945604	सदस्य
9.	डॉ. एस. बनर्जी, पूर्व निदेशक, आरडीसीआईएस, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, एच-I, रीवीरेशा, 287/3, बानर रोड़ , बानर, पुणे-411045 , दूरभाष: 020-27290731 फैक्स सं. 020-2729096	सदस्य
10.	श्री कारूपियाह भारती, नेशनल कन्वयेर (लेबर सैल),	सदस्य

	लोक जन शक्ति पार्टी, 3–बी, ब्लॉक–29, पी एंड टी क्वार्टर्स, टाईप–II, काली बाड़ी मार्ग, नई दिल्ली दूरभाष: 23340029 (निवास) 9868334907 (मोबाइल)	
11.	श्री अजय कुमार, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली–110011 दूरभाष: (011) 23061896 (कार्यालय), 24675500 (आवास) फैक्स (011) 23063236 (कार्यालय)	सदस्य–सचिव

2.0 निर्णायकों के पैनल के विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं:-

2.1 विशुद्ध लौह इकाई के रूप में प्रचालन शुरू करने वाले भारत के समस्त ऐसे एकीकृत इस्पात संयंत्रों जिनकी एक ही स्थान पर अपरिष्कृत इस्पात उत्पादन की वार्षिक क्षमता न्यूनतम 10 लाख टन हो और जिन्होंने अपने वाणिज्यिक उत्पादन का कम से कम दो वर्ष का समय पूरा कर लिया हो, के वर्ष 2004-05 के निष्पादन का मूल्यांकन करना । ये संयंत्र या तो इस्पात तैयार करने में कोक ओवन धमन भट्टी-ढलाई तथा बेलन और परिसज्जित मिल अथवा इस्पात तैयार करने में प्रत्यक्ष अपचयित लोहा (डी आर आई)/तप्त ब्रिक्वेटिंग लोहा (एच बी आई) - विद्युत चाप भट्टी (ई ए एफ)- ढलाई तथा बेलन और परिसज्जित मिल अथवा कोरेक्स भट्टी - बेसिक आक्सीजन फर्नेश (बी ओ एफ) तथा रोलिंग मिल और फिनिशिंग मिल प्रक्रिया के जरिए प्रचालित किए जा सकते हों। यह मूल्यांकन इस संकल्प के साथ लगी पूर्व-निर्धारित योजना (सितंबर, 2005 तक यथासंशोधित) की शर्तों के अनुसार किया जाएगा ।

2.1.1 तथापि, निर्णायकों का पैनल इस योजना के संबंध में विभिन्न इस्पात संयंत्रों से अथवा पूर्व की के निर्णायकों के पैनल द्वारा समय-समय पर दिए सुझावों जिन्हें वह उपयुक्त समझे, को भी ध्यान में रख सकता है ।

2.2 निर्णायकों का पैनल वर्ष 2004-05 के दौरान सर्वोत्तम निष्पादन के लिए प्रधानमंत्री ट्रॉफी और उसके साथ एक करोड रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान करने हेतु एक इस्पात संयंत्र का का चयन एवं सिफारिश करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए और सर्वसाधारण की सूचना के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए।

अजय कुमार
संयुक्त सचिव

एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री ट्रॉफी प्रदान करने के लिए योजना (सितंबर, 2005 तक यथासंशोधित)

1.0 शुरूआत

पूर्व प्रधानमंत्री, श्री पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा 01 अगस्त, 1992 को राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के विशाखापट्टणम इस्पात संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करते समय की गई घोषणा के फलस्वरूप सरकार ने सर्वोत्तम निष्पादन करने की प्रतियोगिता की भावना जागृत करने के लिए तथा देश में एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन में सुधार करने के लिए प्रत्येक वर्ष 'प्रधान मंत्री ट्रॉफी' तथा उसके साथ एक करोड रूपए के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया।

2.0 उद्देश्य

एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए पुरस्कार शुरू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्र, जिसका पूंजी के राष्ट्रीय संसाधनों और कुशल जनशक्ति से गहरा संबंध है, में उत्कृष्ट निष्पादन को मान्यता देना है । पुरस्कार देने का उद्देश्य प्रमुख उत्पादकों को उनके अपने प्रचालन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्षमता, गुणवत्ता तथा किफायत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है ।

3.0 पात्रता

विशुद्ध लौह इकाई के रूप में प्रचालन शुरू करने वाले भारत के समस्त ऐसे एकीकृत इस्पात संयंत्रों जिनकी एक ही स्थान पर अपरिष्कृत इस्पात उत्पादन की वार्षिक क्षमता न्यूनतम 10 लाख टन हो और जिन्होंने अपने वाणिज्यिक उत्पादन का कम से कम दो वर्ष का समय पूरा कर लिया हो, इस योजना में भाग लेने के पात्र हैं। ये संयंत्र या तो इस्पात तैयार करने में कोक ओवन-धमन (बीएफ) इस्पात निर्माण और फिनिशिंग मिल अथवा भट्टी-ढलाई तथा प्रत्यक्ष अपचयित लोहा (डी आर आई)/तप्त ब्रिक्वेटिड लोहा (एच बी आई) - विद्युत चाप भट्टी (ई ए एफ)- इस्पात निर्माण तथा फिनिशिंग मिल अथवा कोरेक्स भट्टी - बेसिक आक्सीजन फर्नेश (बी ओ एफ) अथवा इस्पात निर्माण और फिनिशिंग मिल प्रक्रिया के जरिए प्रचालित हो सकते हैं।

4.0 योजना

4.1 योजना का ब्यौरा तथा एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए मापदंड प्रारंभ में इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित की गई एक विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार किया गया था। इस मापदंड तथा बेंचमार्किंग का प्रधान मंत्री ट्राफी के निर्णायकों के पैनल द्वारा विभिन्न वर्षों में और समय-समय पर गठित अन्य विशेषज्ञ समितियों द्वारा और अधिक विस्तार किया गया। एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन के मूल्यांकन के मापदण्ड में अब विद्यमान कार्य परिवेश को ध्यान में रखा जाएगा ।

4.2 विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों तथा भारत सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के अनुसार, एकीकृत इस्पात संयंत्रों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए 10 प्रमुख प्राचल तैयार किए गए हैं। ये नीचे दिए गए हैं:-

- विक्रेय इस्पात क्षमता उपयोगिता
- प्रचालन की कार्यकुशलता
- वित्तीय निष्पादन
- निर्यात निष्पादन
- उत्पादों की गुणवत्ता
- ग्राहक तुष्टिकरण
- पर्यावरण प्रबंधन
- समर्थ प्राचल
- निर्णायकों के पैनल द्वारा की गई संयंत्रों के दौरों के आधार पर निष्पादन रिपोर्ट

4.3 दोनों पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन निर्णायकों के पैनल, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, द्वारा किया जाएगा;

• सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय	अध्यक्ष
• लोहा तथा इस्पात उद्योग के विशेषज्ञ	सदस्य
• ग्राहकों के प्रतिनिधि	सदस्य
• प्रबंधन विशेषज्ञ	सदस्य
• अर्थशास्त्री	सदस्य
• संयुक्त सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय	सदस्य-सचिव

4.3.1 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अभियांत्रिकी इकाइयों, भारतीय प्रबंधन संस्थान के पूर्व अध्यक्षों, अर्थशास्त्रियों आदि में से निर्णायकों के पैनल में और अधिक सदस्यों को शामिल किया जाना चाहिए।

4.4 ग्राहक तुष्टिकरण सर्वेक्षण तथा समर्थ प्राचलों का मूल्यांकन स्वतंत्र विशेषज्ञ एजेंसियों तथा प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्त्ताओं द्वारा किया जाएगा।

4.5 ग्राहक तुष्टिकरण सर्वेक्षण निर्णायकों के पैनल के दौरों के समय किया जाएगा तथा संयंत्र का दौरा किए जाने से पूर्व निर्णायकों के पैनल को सार्थक प्राचलों का मूल्यांकन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

4.6 सार्थक प्राचलों का अध्ययन करने वाली एजेंसी प्रत्येक मापदण्ड के संबंध में एक मूल्यांकन कमेंटी और सार्थक प्राचलों के लिए अंक (25 में से) देने हेतु निर्णायकों के पैनल को

व्यावसायिक सहायता प्रदान करेगी ।

4.7 निर्णायकों के पैनल को सचिवालयी सेवाएं तथा सामान्य सहायता स्टील अथॉरिटी आफॅ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के प्रचालन निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी । इस योजना के तहत भाग लेने वाले इस्पात संयंत्रों के प्रतिनिधि भी सचिवालय को सहयोग प्रदान करेंगे। मूल्यांकन की प्रक्रिया में सचिवालय द्वारा किए गए खर्चों को भाग लेने वाले इस्पात संयंत्रों द्वारा अपने निर्धारित अपरिष्कृत इस्पात उत्पादन क्षमता के अनुपात में बांटना होगा । निर्णायकों के पैनल द्वारा संयंत्रों के दौरों पर किए गए समूचे खर्चे को संबंधित संयंत्रों द्वारा वहन किया जाएगा । तथापि, निर्णयकों के पैनल द्वारा दिल्ली दौरे के दौरान किए गए खर्च को सचिवालय द्वारा वहन किया जाएगा ।

4.8 सचिवालय के कार्य का समन्वय सदस्य-सचिव के माध्यम से निर्णायकों के पैनल के माध्यम से किया जाएगा । यह इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा तथा भाग लेने वाले संयंत्रों से जानकारी एकत्रित करने के लिए एक प्रपत्र तैयार करेगा। सचिवालय, सदस्य-सचिव के परामर्श से निर्णायकों के पैनल को प्रस्तुत की जाने वाली सम्पूर्ण आधारभूत जानकारी को निर्धारित प्रपत्र में तैयार करेगा तथा उसका सारांश देगा । यह निर्णायकों के पैनल को सामान्य सहायता भी उपलब्ध करागा तथा संबंधित संयंत्र के साथ समन्वय करके पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करेगा ।

4.9 जब तक भारत सरकार अन्यथा कोई निर्णय न ले, पुरस्कार वितरण समारोह स्थल वर्ष विशेष के लिए पुरस्कार जीतने वाला संयंत्र स्थल होगा ।

4.10 पुरस्कार वार्षिक है, लेकिन 60% की न्यूनतम सीमा की सिफारिश की गई है । यदि कोई भी संयंत्र किसी वर्ष विशेष में न्यूनतम सीमा से अधिक अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो उस वर्ष यह पुरस्कार नहीं दिया जाएगा ।

मूल्यांकन के लिए प्राचल	**महत्व (%)**
5.1 क्षमता उपयोगिता	5

विक्रेय इस्पात क्षमता उपयोगिता

संयंत्र विशेष के निष्पादन का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से विक्रेय इस्पात की निर्धारित क्षमता को अपनाया जाएगा। क्षमता विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर), जहां डी पी आर परामर्शदाताओं द्वारा बनाई गई है, के अनुसार क्षमता ली जाएगी। डी पी आर नहीं प्राप्त होने की स्थिति में परियोजना के वित्तीय मूल्यांकन के समय अथवा परियोजना के बंद होने के समय परिकल्पित उत्पादन स्तर और कंपनी के बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पादन स्तर की क्षमता को अपनाया जाए। जहां क्षमता में वृद्धि के लिए सुविधाएं प्रगामी रूप से चालू की जा रही हैं और वर्ष के दौरान पूर्ण डी पी आर क्षमता उपलब्ध नहीं है तो वर्ष के दौरान उपलब्ध क्षमता की गणना सगर्भता अवधि को अंक दिए बगैर की जाएगी तथा गणना के आधार को अलग से दर्शाया जाएगा। पूंजीगत न की गई परिसंपत्तियों से उत्पादन लाभ को अलग रखा जाएगा, वित्तीय जानकारी के साथ संगतता

बनाई रखी जाएगी। यदि कतिपय सुविधाओं को स्थायी आधार पर अलग कर दिया गया है, तो उसे डी पी आर क्षमता में से निकाल दिया जाएगा और उसका ब्यौरा दिया जाएगा।

यदि अर्धपरिसज्जित उत्पाद डीपीआर/बोर्ड के अनुमोदन में उल्लिखित ब्यौरे से अधिक होगा तो उसे समुचित रूप से समायोजित किया जाएगा।

5.2 प्रचालन की कार्यकुशलता

(i) धमन भट्टी में कार्बन दर अथवा कोरेक्स भट्टी (तप्त धातु कि.ग्रा/टी), डी आर आई अथवा एच बी आई भट्टियों की हीट इनपुट (जी कैल/टी) 2

(क) धमन भट्टी में कार्बन की दर निम्नानुसार आंकी जाएगी :-

धमन भट्टी कोयले के औसत निर्धारित कार्बन प्रभाजन को धमन भट्टी में वास्तविक स्किप कोक चार्जेड के साथ गुणा करके कार्बन दर प्राप्त की जाती है। निर्धारित कार्बन को शुष्क आधार पर कोयले में 100S राखांश के रूप में परिभाषित किया गया है।

आक्जलरी ईंधन जैसे कोल डस्ट, कोल टार आदि के लिए कार्बन दर की गणना निम्नानुसार की जाए:-

समतुल्य कोक दर उ आक्जलरी ईंधन/टी तप्त धातु ० रिप्लेसमेंट अनुपात,

कार्बन दर (आक्जलरी ईंधन) उ समतुल्य कोक दर ० धमन भट्टी कोयले की औसत निर्धारित कार्बन।

कार्बन दर के लिए बेंचमार्क; 450 कि.ग्रा./टन

(ख) कोरेक्स भट्टी में कार्बन दर निम्नलिखित रूप से आंकी जा सकती है:-

कोरेक्स भट्टी में कार्बन दर उ कोरेक्स भट्टी में कुल कोयला दर ० नान-कोकिंग कोल में औसत निर्धारित कार्बन प्रभाजन । नान-कोकिंग कोल में औसत निर्धारित कार्बन को 'शुष्क आधार पर नान-कोकिंग कोल में 100S राखांश' के रूप में परिभाषित किया जाता है। अतः समतुल्य कोयला दर उ रिडक्शन शाफ्ट में कोक खपत तप्त धातु का प्रति टन ० रिप्लेसमेंट अनुपात । कार्बन दर के लिए बेंचमार्क : 575 कि.ग्रा./टन

(ग) एच बी आई/डी आर आई-ई ए एफ संयंत्रों के लिए ईंधन दर के लिए बेंचमार्क : 2.5 जी .कैल/टन

(ii) धमन भट्टी, कोरेक्स भट्टी
एच बी आई अथवा डी आर आई भट्टी उत्पादकता 2
(टी/एम $^{3/दिन)}$)

(क) बी एफ, एच बी आई अथवा डी आर आई भट्टी उत्पादकता का मूल्यांकन प्रति दिन उपलब्ध भट्टी के कार्यचालन मात्रा की प्रति घन मीटर तप्त धातु, एच बी आई अथवा डी आर आई उत्पादन के रूप में की जाती है । धमन भट्टी के लिए कार्यचालन मात्रा को खुली स्थिति में सामान्य स्टाक लाइन/बिग बैल तथा टॉयर के मध्य लाइन के बीच निहित भट्टी की मात्रा के रूप मे परिभाषित किया जाता है । उपलब्ध दिनों की गणना कैलेण्डर दिनों का अंतर तथा पूंजीगत मरम्मत की अवधि के रूप में परिभाषित की जाती है । तथापि, सामान्य मरम्मत समय को पूंजीगत मरम्मत समय में न जोड़ा जाए।

धमन भट्टी उत्पादकता के लिए बेंचमार्क : 2.39 टी/एम ^{3}/उपलब्ध दिवस

एच बी आई/डी आर आई भट्टी उप्पादकता के लिए बेंचमार्क : 9 टी/एम ^{3}/उपलब्ध दिवस

(ख) कोरेक्स भट्टी उत्पादकता

कोरेक्स भट्टी उत्पादकता का मूल्यांकन वार्षिक औसत आधार पर प्रति घंटे उत्पादित तप्त धातु के टन के रूप में किया जाता है । अर्थात् कोरेक्स भट्टी उत्पादकता वार्षिक उत्पादन (टन में) - वार्षिक प्रचालन घंटे। वार्षिक प्रचालन घंटों का अनुमान कैलेण्डर घंटों तथा पूंजीगत मरम्मत की अवधि के अंतर कोरेक्स-बीओएफ इकाइयों के वास्तविक रूप से बंद दिन प्रति वर्ष 12 दिन से अधिक न हो, के रूप में लगाया जाता है। तथापि, सामान्य अनुरक्षण के समय को पूंजीगत मरम्मत समय में न जोड़ाजाए ।

कोरेक्स भट्टी उत्पादकता के लिए बेंचमार्क : 100 टी/एम ^{3}/उपलब्ध दिवस

(iii) समग्र विशिष्ट ऊर्जा खपत 4

समग्र विशिष्ट ऊर्जा खपत (अपरिष्कृत इस्पात का जी कैल/टी) की गणना आई आई एस आई पद्धति के आधार पर की जानी चाहिए ।

तीन विभिन्न रूटों के आधार पर इस्पात संयंत्रों के लिए मूल्यांकन का पैमाना अर्थात् एच बी आई अथवा डी आर आई तथा ई ए एफ रूट, कोरेक्स - बी ओ एफ रूट; बी एफ - बी ओ एफ रूट एक दूसरे से अलग होंगे।

विशिष्ट ऊर्जा खपत के लिए बैंचमार्क निम्नलिखित के लिए प्रति टन अपरिष्कृत इस्पात होगी;

क) बी एफ-बी ओ एफ रूट और कोरेक्स रूट आधारित संयंत्र : 5.92 जी . कैल/टी सी एस; तथा

ख) एच बी आई/डी आर आई-ई ए एफ आधारित संयंत्र : 5.0 जी . कैल/टी सी एस।

(iv) श्रम उत्पादकता

2

श्रम उत्पादकता की गणना प्रति व्यक्ति वर्ष अपरिष्कृत इस्पात उत्पादन के रूप में की जाए । बिक्री के लिए उत्पादित कच्चा लोहा, एच बी आई अथवा डी आर आई को 50% के समतुल्य घटक के साथ महत्ता दी जाए तथा श्रमशक्ति की गणना कार्य बल के आधार पर की जाएगी।

कार्य श्रमशक्ति की गणना कारखाना इतर विभागों जैसे प्रशासन, विपणन, वित्त, टाऊनशिप, निर्माण इकाइयों, खानों आदि को छोड़ने के पश्चात की जाए लेकिन उत्पादन सेवाएं जैसे रूपांकन, इंजीनियरिंग शाप्स आदि को शामिल किया जाए। इसके अतिरिक्त, अनुरक्षण विभाग, निजी इंजीनियरिंगशाला, रिफ्रैक्ट्रीज संयंत्र आदि जैसे इस्पात संयंत्रों की केन्द्रीयकृत इकाइयों की श्रमशक्ति, जो उत्पादन कार्य में प्रत्यक्ष रूप से सन्निहित नहीं होती, को श्रम उत्पादकता से अलग रखा जाए।

तीन विभिन्न रूटों के आधार पर इस्पात संयंत्रों के लिए मूल्यांकन का पैमाना अर्थात् एच बी आई अथवा डी आर आई तथा ई ए एफ रूट, कोरेक्स - बी ओ एफ रूट; बी एफ - बी ओ एफ रूट एक दूसरे से अलग होंगे।

यदि किसी इस्पात संयंत्र में सामान्य प्रचालन तथा मरम्मत कार्य बाह्य ठेकेदारों से कराया गया है तो निर्णायकों का पैनल ऐसे श्रम मूल्यांकन के लिए आदान सूचना प्राप्त कर उसे संयंत्र द्वारा सूचित की गई नियमित श्रमशक्ति में जोडेगा ।

5.3 वित्तीय निष्पादन

आंकडों का अंकेक्षण कराया जाए तथा उनका सत्यापन और जो प्रकाशित लेखाओं के साथ संगत हो का, उस पेशागत सनदी लेखाकार से कराया जाए जो कंपनी का कर्मचारी न हो।

(i) सकल मार्जिन/कुल बिक्री अनुपात 5

सकल मार्जिन को ब्याज तथा मूल्यह्रास पूर्व लाभ के रूप में परिभाषित किया जाता है । लोहा और इस्पात उत्पादों की कुल बिक्री को दर्शाया जाए जिसमें लोहा तथा इस्पात उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया से उत्पन्न उपोत्पाद भी शामिल हों । तथापि, उत्पादों की बिक्री जैसे सी ए एन, फैरो एलायज, कच्चा माल।, बियरिंगस, एग्रिको उत्पाद आदि को शामिल नहीं किया जाएगा । इसमें संयंत्र द्वारा निर्मित न किए गए उत्पादों की बिक्री से हुई बिक्री आय को भी अलग रखा जाए ।

सकल मार्जिन केवल उपर्युक्त उल्लिखित लोहा तथा इस्पात उत्पादों के रूप में ही संबंधित है। निवेशों पर ब्याज/लाभांश से आय पर विचार न किया जाए । कंपनी के भीतर अंतर संयंत्र अंतरण तथा आंतरिक खपत पर भी विचार न किया जाए। न लाभ/न हानि की नीति पर विचार न किया जाए ।

तथापि लोहा तथा इस्पात के सामान्य निर्माताओं से कच्चा माल तथा अन्य उद्भूतों को शामिल किया जाएगा ।

(ii) सकल मार्जिन/ लगाई गई औसत पूंजी 2

सकल मार्जिन वही है जैसा उपर्युक्त मद (क्ष) में उल्लिखित है, लगाई गई औसत पूंजी में केवल निवल स्थायी परिसंपत्तियों को ही शामिल किया जाए ।

(iii) कारोबार/मालसूची अनुपात 2

कारोबार वही है जैसा उपर्युक्त मद (क्ष) में उल्लिखित है । मालसूची में औसत परिसज्जित तथा अर्ध-परिसज्जित भंडार को भी शामिल किया जाए और अन्य सामग्रियों की मालसूची जैसे कच्चा माल, भंडार तथा कलपुर्जों आदि को भी शामिल किया जाए। इसमें विविध देनदारों की राशि को भी शामिल किया जाए ।

(iv) परिवर्तनशील लागत में % परिवर्तन 2

गत वर्ष के संबंध में अपरिष्कृत इस्पात के उत्पादन की परिवर्तनशील लागत में % परिवर्तन के रूप में मूल्यांकित किया जाए ।

5.4 ग्रास ब्लॉक की तुलना में पूंजीकृत व्यय

(i) निर्यात टनेज अनुपात 2

विक्रेय इस्पात तथा कच्चा लोहा/एच बी आई/डी आर आई के कुल उत्पादन से लोहा तथा इस्पात सामग्री की निर्यातित मात्रा के अनुपात के रूप में गणना की जाए । केवल संयंत्र द्वारा निर्मित तथा वास्तविक रूप से देश से बाहर भेजी गई लोहा तथा इस्पात उत्पादों की मात्रा, जो प्रकाशित लेखाओं के अनुरूप हो, को निर्यात में शामिल किया जाए । कच्चा लोहा/एच बी आई/डी आर आई को 50% के समतुल्य स्थानापन्न घटक दिया जाए ।

(ii) निर्यात मूल्य अनुपात 3

निर्यात मूल्य अनुपात को अर्जित की गई विदेशी मुद्रा तथा कारोबार के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाए । प्राप्त विदेशी मुद्रा को एफ.ओ.बी. आधार पर दिया जाए तथा निर्यात को उपर्युक्त मद (i) में उल्लिखितानुसार निर्धारित किया जाए। कारोबार वित्तीय निष्पादन के तहत परिभाषित है।

5.5 उत्पादों की गुणवत्ता

(i) परीक्षित इस्पात (%) 1

विशिष्ट मापदंडों के अनुरूप परीक्षित विक्रेय इस्पात उत्पादन की प्रतिशतता के रूप में मूल्यांकन किया जाए । सूचित किए जा रहे परीक्षित उत्पादन के संबंध में संयत्र विशिष्टियों की एक विस्तृत सूची देंगे, जिसके अनुरूप निर्णायकों का पैनल अपना अन्तिम निर्णय लेगा ।

(ii) विशेष ग्रेडों का उत्पादन

2

विशिष्ट श्रेणी में विक्रेय इस्पात उत्पादन प्रतिशतता के रूप में मूल्यांकित किया जाए । विशेष श्रेणी के तहत केवल निम्नलिखित इस्पात श्रेणियों पर विचार किया जाएगा :

(क) 0.04% से कम और 0.4% से अधिक कार्बनयुक्त इस्पात श्रेणियां

(ख) वी ए डी, वी ओ डी, आर एच अथवा आर एच ओ बी जैसी गौण परिशोधन प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके उत्पादित किया गया इस्पात :

(ग) न्यून एच, ओ, एन और एस आई युक्त इस्पात श्रेणियां

(घ) इस्पात को अधिक सु और विसर्पणरोधी अथवा जंगरोधी बनाने के लिए सी आर, एम ओ, एन आई जैसे वर्धित मिश्र ।

(ङ) कठोर प्रावस्था (बेनाइट/मार्टेनसाइट) युक्त प्रावस्था रूपान्तरित श्रेणियां

(च) अंतरालीमुक्त इस्पात

(छ) 0.4 एम एम से कम मोटाई का थिनर गेज कोल्ड रोल्ड इस्पात

(ज) समान श्रेणी के उत्पाद की तुलना में 20% से अधिक से मूल्य वाली इस्पात की कोई अन्य श्रेणी ।

(iii) नए विकसित उत्पाद 2

विक्रेय इस्पात उत्पादन की प्रतिशतता के रूप में नए उत्पादनों के टनेज के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा। संयंत्र में पहली बार उत्पादित उत्पादों का नए उत्पादों के रूप में विचार किया जाए । नए उत्पादों के संबंध में विकासात्मक प्रयासों तथा विशिष्ट विशेषताओं का वर्णन करने वाली टिप्पणी भी हो । इस पर निर्णायकों का पैनल अपना अन्तिम निर्णय लेगा ।

5.6 ग्राहक सन्तुष्टिकरण

(i) बाजार तथा ग्राहक संतुष्टिकरण के लिए उत्तरदायी प्रक्रिया 5

बाजार तथा ग्राहक संतुष्टिकरण के लिए उत्तरदायी प्रक्रिया का मूल्यांकन निर्णायकों के पैनल द्वारा निम्नलिखित प्रश्नोत्तरों के आधार पर किया जाए:-

- संयंत्र ग्राहक समूह तथा बाजार खंड का निर्धारण कैसे करता है?
- संयंत्र ग्राहक समूह अथवा बाजार खंड की आवश्यकताओं का निर्धारण कैसे करता है?
- विद्यमान/संभाव्य ग्राहकों से सूचना तथा ग्राहक आवश्यकता निर्धारण में शिकायतों का प्रयोग कैसे किया जाता है?
- संयंत्र ग्राहक आवश्यकताओं को नए उत्पाद तथा/अथवा सेवाओं के रूप में, कैसे पूरा करता है?
- विभिन्न ग्राहक समूहों से सुनने तथा अपनाने में अपनी प्रक्रिया का कैसे मूल्यांकन अथवा सुधार करता है?
- संयंत्र ग्राहकों द्वारा अपेक्षित सहायता तथा मौखिक शिकायतें कैसे सुलभ करता है?

- संयंत्र ग्राहकों से तत्काल तथा कार्रवाई योग्य फीड बैक कैसे प्राप्त करता है?
- संयंत्र ग्राहकों के साथ संबंध तथा सकारात्मक वफादारी दृष्टिकोण कैसे बनाता है?

(ii) **ग्राहक संतुष्टिकरण** 10

एक स्वतंत्र बाजार अनुसंधान ऐजेंसी द्वारा विभिन्न संयंत्रों के ग्राहकों का सर्वेक्षण कराया जाएगा जिसमें निम्नलिखित घटक शामिल होंगे जैसे मूल्य, समयबद्ध सुपुर्दगी, तकनीकी विशेषताएं, सामग्री की उपलब्धता, वाणिज्यिक शर्तें, स्टॉकयार्ड सुविधाएं, बिलिंग तथा लेखा प्रक्रिया, कार्मिकों का व्यवहार, ग्राहक शिकायतों पर सुनवाई, बिक्री पश्चात सेवा, पूर्व-बिक्री संविदा, पैकेजिंग आदि। निर्णायकों के पैनल के साथ विचार-विमर्श में इन घटकों की महत्ता निर्धारित की जाए।

5.7 पर्यावरण प्रबंधन

(i) वायु प्रदूषण

निलंबित धूल कणों पर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानदण्डों को पूरा करने में चिमनियों की प्रतिशतता के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा।

(ii) जल प्रदूषण 1

अपरिष्कृत इस्पात के प्रति टन विशिष्ट प्रदूषण दबाव के रूप में मूल्यांकित किया जाए।

(iii) ठोस अपशिष्ट उपयोगिता 1

ठोस अपशिष्ट उपयोगिता/पुन: उपयोग/बिक्री की प्रतिशतता के रूप में मूल्यांकित किया जाए।

(iv) जल खपत 1

कारखाने में अपरिष्कृत इस्पात के प्रति टन उपयोग किए गए जल की खपत।

5.8 समर्थ प्राचल

(i)	नेतृत्व	4
(ii)	नीति तथा रणनीति	4
(iii)	संसाधन प्रबंधन	4
(iv)	जनसाधारण प्रबंधन	4
(v)	प्रक्रिया प्रबंधन	9

इसका मूल्यांकन प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्त्ताओं की एक टीम द्वारा किया जाए। मूल्यांकन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश और उनके संबंध में अनुपूरक सूचना अनुलग्नक-। और अनुलग्नक-।। में दिए गए हैं।

5.9 संयंत्रों का दौरा

निर्णायकों के पैनल की अभ्युक्तियां 20

निर्णायकों का पैनल विशिष्ट प्राचलों तथा ऐसे अन्य प्राचलों जिसे वह आवश्यक समझे, का मूल्यांकन करने के लिए न्यूनतम दो दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक संयंत्र का दौरा करेगा ।

विभिन्न कारकों जैसे हाउस कीपिंग, पर्यावरण प्रबंधन एवं वृक्षारोपण, परिसरीय तथा अनुषंगी विकास, घातक दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रयास, औद्योगिक संबंध, उपस्करों की स्थिति, सुझाव योजनाओं तथा क्वालिटी सर्कलों जैसे लघु ग्रुप क्रियाकलापों के जरिए प्रबंधन में कामगारों एवं पर्यवेक्षकों की भागीदारी, अनुसंधान एवं विकास प्रयास, प्रबंधन नेतृत्व और प्रेरणा तथा इस्पात संयंत्र के प्रचालन के बारे में उनके अपने विचारों के संबंध में संयंत्र दौरों के समय उनकी अभ्युक्तियों के आधार पर ।

6.0 मूल्यांकन का पैमाना

मूल्यांकन 1 से 5 पैमाने के अनुसार लाईनर पद्धति से किया जाएगा:-

(i) न्यूनतम से नीचे और न्यूनतम तक प्राचल मूल्य के लिए (सबसे खराब मूल्य) = 1
(ii) सबसे खराब मूल्य और सर्वोत्तम मूल्य के बीच प्राचल मूल्य के लिए = सीधी लाईन का उपयोग करते हुए 1 से 5 के बीच
(iii) "सर्वोत्तम मूल्य" से ऊपर के मूल्यों के प्राचलों के लिए = पहले दशमलव तक 5 को राउंडिड ऑफ

उद्देश्यों के मूल्यांकन के लिए प्रत्येक प्राचल के लिए "सर्वोत्तम मूल्य" और "सबसे खराब मूल्य" अनुलग्नक-III में दिए गए हैं ।

7.0 पुरस्कार राशि का उपयोग

7.1 पुरस्कार जीतने वाले संयंत्र का संयंत्र प्रबंधन इस राशि का उपयोग संबंधित संयंत्र की आवश्यकताओं के अनुसार निम्नलिखित क्षेत्रों में श्रमशक्ति के जीवन स्तर के उत्थान के लिए खर्च करेगा:-

क) अस्पताल सुविधाओं सहित कर्मचारियों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार।

ख) एक छोटा हिस्सा (अर्थात् 10% तक) कर्मचारियों के लिए कल्याण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए श्रेष्ठ विभाग को आबंटित किया जा सकता है ।

ग) धन का पर्याप्त हिस्सा सावधि जमा में रखा जा सकता है तथा इससे प्राप्त लाभ को कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा तथा प्रशिक्षण में बढ़ावा देने के लिए विशिष्टता एवं साधन छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

घ) टाऊनशिप में सामुदायिक केन्द्रों का उन्नयन ।

ङ) टाऊनशिप में खेल तथा सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए सुविधाएं बढ़ाना।

च) कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं के कारण विकलांग हुए कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए वित्तीय मदद।

छ) कर्मचारियों के आश्रितों के लिए शैक्षिक/प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना/उनका विस्तार/परिवर्धन/संशोधन करना।

ज) महिलाओं/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा कर्मचारियों के अन्य कमजोर वर्गों के लिए शैक्षिक/प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

झ) संयंत्र की परिधि में रहने वाले लोगों के लिए शैक्षिक/प्रशिक्षण केन्द्रों/चिकित्सा तथा स्वच्छता कार्यक्रम तथा जल आपूर्ति कार्यक्रमों आदि के लिए सहायता।

7.2 निधि की देख-रेख एक संयुक्त समिति द्वारा की जाएगी जिसमें इस्पात संयंत्र के प्रबंधन, मान्यता प्राप्त यूनियनों तथा अधिकारियों की एसोशिएसनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

7.3 इस्पात संयंत्र की निधि की लेखा परीक्षा के तहत उपर्युक्त निधि की लेखापरीक्षा भी शामिल है।

8.0 अनुसूची

मूल्यांकन तथा पुरस्कार प्रक्रिया के लिए समय-सीमा

कार्यकलाप	**समय-सीमा**
• मूल्यांकनकर्त्ताओं की नियुक्ति तथा सार्थक प्राचलों का मूल्यांकन	अप्रैल-अगस्त
• निर्णायकों के पैनल की नियुक्ति	अगस्त
• ट्रॉफी के लिए आवेदन आमंत्रित करना	अगस्त
• निर्णायकों के पैनल द्वारा संयंत्र का दौरा	अक्तूबर-दिसंबर
• निर्णायकों के पनल की अंतिम रिपोर्ट	28 फरवरी

अनुलग्नक-I

प्राचलों के मूल्यांकन के लिए संस्तुत दिशा-निर्देश

मानक 1 नेतृत्व

परिभाषा

नेता किस प्रकार मिशन के लक्ष्य को विकसित और उसकी प्राप्ति को सुगम बनाते हैं, दीर्घकालिक सफलता के लिए अपेक्षित मूल्य किस प्रकार विकसित करते हैं और उपयुक्त कार्रवाई और कार्य-व्यवहार द्वारा इन्हें कार्यान्वित करते हैं और व्यक्तिगत तौर पर यह सुनिश्चित करने में सन्निहित होते हैं कि प्रबंधन प्रणाली विकसित और कार्यान्वित की जाए।

उप मानक

नेतृत्व में निम्नलिखित चार उप मानक शामिल हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए:-

1 . नेता मिशन, विजन और मूल्यों को विकसित करते हैं और वे उत्कृष्टता की संस्कृति के रोल मॉडल होते हैं।

इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- संगठन के मिशन और लक्ष्य को विकसित करना;
- रोल मॉडलिंग के आचार-शास्त्र और मूल्यों, जो संगठन की संस्कृति के निर्माण में सहायक होते हैं, को विकसित करना।
- अपने नेतृत्व की प्रभावशीलता की समीक्षा करना और उसमें सुधार करना तथा नेतृत्व संबंधी भावी आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करना;
- कार्यकलापों में सुधार के कार्य में व्यक्तिगत और सक्रिय रूप से शामिल होना;
- संगठन की संरचना में परिवर्तन करके, सीखकर और कार्यकलापों में सुधार करके संगठन के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना;
- सीखने से संबंधित कार्यकलापों को प्रोत्साहित करना, उनका समर्थन करना और उनके परिणामों के अनुरूप कार्य करना;
- सुधार संबंधी कार्यकलापों की प्राथमिकता तय करना;
- संगठन के भीतर सहयोग को प्रोत्साहित करना

1 I. नेता यह सुनिश्चित करने में व्यक्तिगत रूप से शामिल होते हैं कि संगठन की प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए, उसे कार्यान्वित किया जाए और उसमें निरंतर सुधार हो।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- अपनी नीति और रणनीति के समर्थन हेतु संगठन के ढांचे को व्यवस्थित करना;
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन प्रक्रियाओं के लिए एक प्रणाली तैयार की जाए और उसे कार्यान्वित किया जाए;
- नीति के विकास, तैनाती से लागू करने और इसे अद्यतन करने के लिए प्रक्रिया सुनिश्चित करना और यह सुनिश्चित करना कि रणनीति विकसित की जाए और इसे कार्यान्वित किया जाए;
- यह सुनिश्चित करना कि महत्वपूर्ण परिणामों के प्रमापन, समीक्षा और इनमें सुधार हेतु एक प्रक्रिया तैयार की जाए और इसे कार्यान्वित किया जाए;
- यह सुनिश्चित करना कि सृजनात्मक नवीनता और सीखने संबंधी कार्यकलापों के जरिए सुधारों को प्रोत्साहित करने, अभिज्ञात करने, उनका नियोजन करने और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए एक प्रक्रिया तैयार की जाए और उसे कार्यान्वित किया जाए।

1 ग. नेता ग्राहकों, भागीदारों और समाज के प्रतिनिधियों से जुडे हैं।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- आवश्यकताओं और आशाओं को पूरा करना, उन्हें समझना और उन पर ध्यान देना;
- भागीदारी स्थापित करना और उसमें भागीदारी करना;
- संयुक्त सुधार कार्यकलाप शुरू करना और उनमें हिस्सा लेना ;
- व्यक्ति विशेष को और शेयरधारकों के दलों को कारोबार में उनके योगदान और उनकी निष्ठा आदि के लिए सम्मानित करना;
- उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाले और समर्थन करने वाले व्यावसायिक निकायों, संगोष्ठियों और सेमिनारों में हिस्सा लेना;
- ऐसे कार्यकलापों में सहयोग देना और करना जिनका उद्देश्य पर्यावरण और समाज में संगठन के योगदान में सुधार हो।

1घ. नेता संगठन के व्यक्तियों को अभिप्रेरित करते हैं, उनको सहयोग देते हैं और उनका सम्मान करते हैं।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- संगठन के मिशन, लक्ष्य, मूल्यों, नीति और रणनीति, योजनाओं, उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में लोगों को व्यक्तिगत रूप से बताना;
- लोगों को सुलभ होना और उनकी बातें ध्यान से सुनना और उन पर ध्यान देना;

- लोगों की उनकी योजनाओं को पूरा करने, उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता करना;
- लोगों को सुधार संबंधी कार्यकलापों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना;
- संगठन में सभी स्तरों पर दल के रूप में और व्यक्तिगत रूप से किए गए प्रयासों के लिए व्यक्तियों और दलों को सही समय पर उपयुक्तत: सम्मानित करना।

मानक 2 नीति और रणनीति

परिभाषा

संगठन किस प्रकार संगत नीतियों, योजनाओं, उद्देश्यों, लक्ष्यों और प्रक्रियाओं तथा शेयरधारकों पर केंद्रित रणनीति के जरिए अपने मिशन और लक्ष्यों को कार्यान्वित करता है।

उप मानक

नीति और रणनीति में निम्नलिखित उप मानक शामिल होते हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

2क. नीति और रणनीति शेयरधारकों की मौजूदा और भावी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर आधारित होती है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- बाजार और बाजार खंड को निर्धारित करने के लिए सूचना एकत्र करना और समझना जिसमें संगठन भविष्य में प्रचालन करेगा;
- ग्राहकों, कर्मचारियों, भागीदारों, समाज और शेयरधारकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझना और उनका अनुमान लगाना;
- प्रतिस्पर्धी कार्यकलापों सहित बाजार स्थान के विकास को समझना और अनुमान लगाना

2ख. नीति और रणनीति निष्पादन प्रमापन, अनुसंधान संबंधी जानकारी और सृजनात्मक कार्यकलापों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित होती है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- आंतरिक निष्पादन संकेतकों से प्राप्त परिणामों को एकत्रित करना और समझना
- सीखने संबंधी कार्यकलापों से प्राप्त परिणामों को एकत्रित करना और समझना
- प्रतिस्पर्धियों तथा सर्वोत्तम संगठन के कार्यनिष्पादन का आंकन करना
- सामाजिक, पर्यावरणात्मक और विधि संबंधी मुद्दों को समझना
- आर्थिक और जनसांख्यिकी संकेतकों को अभिज्ञात करना और समझना
- नई प्रौद्योगिकियों के प्रभाव को समझना
- शेयरधारकों के विचारों का विश्लेषण करना और उनका उपयोग करना

2ग. नीति और रणनीति का विकास, उनकी समीक्षा, और उन्हें अद्यतन करना

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- शेयरधारकों की आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं और सीखने तथा नवीनता लाने संबंधी कार्यकलापों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संगठन के मिशन, लक्ष्य और मूल्यों के अनुरूप नीति और रणनीति तैयार करना;
- शेयरधारकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के बीच संतुलन स्थापित करना;
- अल्प और दीर्घकालिक दबाव और आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करना;
- जोखिमों के निराकरण के लिए वैकल्पिक परिदृश्य और आकस्मिक योजनाएं तैयार करना;
- मौजूदा और भावी प्रतिस्पर्धात्मक लाभों को अभिज्ञात करना;
- संगठन की नीति और रणनीति को भागीदारों की नीति और रणनीति के साथ संयोजित करना;
- नीति और रणनीति में उत्कृष्टता की बुनियादी अवधारणाएं दर्शाना;
- नीति और रणनीति की संगतता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना;
- महत्वपूर्ण सफलता घटकों को अभिज्ञात करना;
- नीति और रणनीति की समीक्षा करना और अद्यतन करना;

2घ. नीति रणनीति को मुख्य प्रक्रियाओं के जरिए लागू करना।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- संगठन की नीति और रणनीति के लिए आवश्यक मुख्य प्रक्रियाओं को अभिज्ञात करना और उनका रूपांकन करना;
- मुख्य प्रक्रियाओं के संबंध में स्पष्ट स्वामित्व तय करना;
- शेयरधारकों को अभिज्ञात करने सहित प्रमुख प्रक्रियाओं को निर्धारित करना;
- नीति और रणनीति के लिए प्रमुख प्रक्रियाओं के प्रभाव की समीक्षा करना;

2ङ नीति और रणनीति को संप्रेषित और कार्यान्वित करना।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- नीति और रणनीति का संप्रेषण एवं सोपान, जो समुचित हो;
- पूरे संगठन के कार्यकलापों की आयोजना करने, उद्देश्य और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नीति और रणनीति का उपयोग इनको आधार के रूप में उपयोग करना;
- योजनाओं, उद्देश्यों और लक्ष्यों को व्यवस्थित करना, उनकी प्राथमिकताएं तय करना और उन्हें संप्रेषित करना;
- नीति और रणनीति के प्रति जागरूकता का मूल्यांकन करना!

मानक 3 जनसामान्य

परिभाषा

संगठन किस प्रकार व्यक्ति विशेष, दल और संगठन स्तर पर अपने कर्मचारियों की जानकारी और उनकी पूरी क्षमता का प्रबंधन करता है, उसे विकसित करता है और प्रसार करता है और अपनी नीति और रणनीति के समर्थन और अपनी प्रक्रियाओं के प्रभावी प्रचालन के लिए इन कार्यकलापों की योजना बनाता है।

उप मानक

लोगों में निम्नलिखित पाँच उप मानक शामिल हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए:-

3क. जन संसाधनों की आयोजना की जाती है, उनका प्रबंधन किया जाता है और उनमें सुधार किया जाता है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- मानव संसाधन नीतियां, रणनीतियां और योजनाएं तैयार करना;
- मानव संसाधन नीतियां, रणनीतियां और योजनाएं तैयार करने के कार्य में कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को शामिल करना;
- मानव संसाधन योजनाओं को नीति तथा रणनीति, संगठनात्मक ढांचे और मुख्य प्रक्रियाओं के अनुरूप व्यवस्थित करना;
- भर्ती और कैरियर विकास का प्रबंधन करना ;
- समान अवसर सहित रोजगार के संबंध में निष्पक्षता सुनिश्चित करना;
- मानव संसाधन नीतियों, रणनीतियों और योजनाओं में सुधार करने के लिए जन-सर्वेक्षणों और कर्मचारियों से संबंधित सूचनाओं का उपयोग करना;
- कार्यस्थल की पुनर्संरचना, आधारशीला कार्यकलाप, लोचनीय सामूहित कार्य और उच्च निष्पादन कार्यदल के जरिए कार्यकरण में सुधार करने के लिए अभिनव संगठनात्मक प्रणाली विज्ञान का उपयोग करना।

3ख. कर्मचारियों की जानकारी और क्षमता अभिज्ञात और विकसित करने तथा उसे बनाए रखना

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- कर्मचारियों की जानकारी और क्षमता को संगठन की आवश्यकताओं के अनुरूप अभिज्ञात करना और वर्गीकृत करना;
- संगठन की क्षमता संबंधी मौजूदा और भावी आवश्यकताओं के अनुरूप कर्मचारियों की सहायता के लिए प्रशिक्षण और विकास योजनाएं तैयार करना और उनका उपयोग करना;

- व्यक्तियों, दलों और संगठनात्मक जानकारी संबंधी अवसरों को रूपांकित करना और उन्हें बढावा देना;
- कार्य अनुभव के जरिए कर्मचारियों का विकास;
- दलगत दक्षता विकसित करना;
- व्यक्तियों और दल के उद्देश्यों को संगठन के लक्ष्यों के अनुरूप व्यवस्थित करना;
- व्यक्तियों और दल के उद्देश्यों की समीक्षा करना और उन्हें अद्यतन करना;
- कर्मचारियों के निष्पादन का मूल्यांकन करना और सुधार करना।

3ग. कर्मचारियों को शामिल करना और उन्हें अधिकार देना।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- व्यक्तियों और दलों को सुधार संबंधी कार्यकलापों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सहायता करना;
- आंतरिक संगोष्ठियों और समारोहों के जरिए कर्मचारियों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सहायता करना;
- ऐसे अवसर उपलब्ध करवाना जिनसे कर्मचारी शामिल होने को प्रोत्साहित हों और नवीनता और सृजनात्मक कार्य हेतु सहायता करना;
- कर्मचारियों को कार्रवाई करने के लिए अधिकार प्रदान करना;
- कर्मचारियों को एक साथ दल के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना।

3घ. कर्मचारियों और संगठन में परस्पर संवाद है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- संप्रेषण संबंधी आवश्यकताएं अभिज्ञात करना;
- संप्रेषण संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर संप्रेषण नीतियाँ तैयार करना;
- टॉप डाउन, बॉटम अप और हॉरीजोंटल संप्रेषण चैनल विकसित करना और इनका उपयोग करना;
- सर्वश्रेष्ठ पद्धति और जानकारी का आदान प्रदान।

3ङ कर्मचारियों को पुरस्कृत करना, उनका सम्मान करना और उनका ध्यान रखना।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- पारिश्रमिक, पुनर्तैनाती, अनावश्यकता और रोजगार की अन्य शर्तों को नीति और रणनीति के अनुरूप तय करना;
- कर्मचारियों को जुडे रहने और अधिकार संपन्न बनाने के लिए सम्मानित करना;
- सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता और इनमें शामिल होने को बढावा देना;

- पेंशन योजना, स्वास्थ्य रक्षा, बाल सुरक्षा जैसे लाभों के स्तर निर्धारित करना;
- सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देना;
- लोचनीय समय अवर, परिवहन जैसी सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध करना।

मानक 4 भागीदारियां और संसाधन

परिभाषा

संगठन अपनी नीति और रणनीति का समर्थन करने और अपनी प्रक्रियाओं के प्रभावी प्रचालन के लिए किस प्रकार बाह्य भागीदारियों और आंतरिक संसाधनों की आयोजना करता है और प्रबंधन करता है।

उप मानक

भागीदारियों और संसाधनों में निम्नलिखित पाँच उप मानक शामिल हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए ।

4क. बाह्य भागीदारियों का प्रबंधन किया जाता है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- नीति और रणनीति के अनुरूप मुख्य भागीदारों और नीतिपरक भागीदारी के अवसरों को अभिज्ञात करना;
- मूल्य सृजित करने और उन्हें बढ़ाने के लिए भागीदारी संबंध की संरचना करना;
- मूल्यवर्धन आपूर्ति श्रृंखला वाली भागीदारियां करना ;
- सांस्कृतिक अनुरूपता सुनिश्चित करना और भागीदार संगठनों के साथ जानकारी का आदान-प्रदान करना;
- पारस्परिक विकास हेतु सहायता करना;
- भागीदारों का उपयोग करके अभिनव और सृजनात्मक सोच विकसित करना और उसका समर्थन करना;
- प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए कार्यकरण में सहक्रिया विकसित करना और ग्राहक/आपूर्तिकर्त्ता श्रृंखला को सुदृढ़ बनाना।

4ख. वित्त का प्रबंधन करना

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- नीति और रणनीति के समर्थन में वित्तीय संसाधनों का उपयोग करना;
- वित्तीय रणनीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करना और उन्हें कार्यान्वित करना;
- मूर्त और अमूर्त दोनों परिसंपत्तियों में निवेश का मूल्यांकन करना;

- एक दक्ष, प्रभावी और साधनसंपन्न संरचना सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय तंत्र और प्राचलों का उपयोग करना;
- वित्तीय संसाधनों में निहित जोखिमों का निराकरण करना।

4ग. भवनों, उपस्करों और सामग्री का प्रबंधन करना

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

